एन एस डब्ल्यू योजना (प्लानिंग) पोर्टल

एन एस डब्ल्यू योजना और पर्यावरण विभाग प्रत्येक चीज़ जैसे कि नया डेक या गैरेज बनाने से लेकर नया घर बनाने तक सभी के लिए नि:शुल्क जानकारी, सलाह और साधन प्रदान करता है।

आप सरल आवासीय विकास कार्यों, जिन्हें कि नियमों का पालन करने वाले विकास ('complying development') के नाम से जाना जाता है, के लिए आवेदनों को तैयार करने, जमा करने और ट्रैक करने के लिए एन एस डब्ल्यू प्लानिंग पोर्टल पर ऑनलाइन दिए गए प्लानिंग टूल्स का उपयोग कर सकते हैं। या फिर आप घर में छोटे सुधार करने की योजनाओं जिन्हें कि छूट प्राप्त विकास कहा जाता है और जिनके लिए कोई योजना बनाने या मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं होती है, उनके लिए किन-किन बातों की आवश्यकता है यह जानने के लिए भी इन प्लानिंग टूल्स का उपयोग कर सकते हैं।

एनएसडब्ल्यू योजना प्लानिंग पोर्टल को **planningportal.nsw.gov.au** पर जाकर देखा जा सकता है

छूट प्राप्त विकास पर अधिक जानकारी या सवालों के लिए

छूट प्राप्त विकास के संबंध में यदि आप के कोई प्रश्न हैं तो कृपया योजना और पर्यावरण विभाग (Department of Planning and Environment) से **codes@planning.nsw.gov.au** पर ई-मेल द्वारा संपर्क करें या **www.planningportal.nsw.gov.au/building-or-renovating** पर देखें

हम आपकी योजना (प्रोजेक्ट) के विवरण के बारे में आपकी सहायता कर सकेंगे या फिर आपको बता देंगे कि आप अधिक जानकारी कैसे प्राप्त करें

श्रेय- आवरण पृष्ठ: डॉन फ़्रूस

Hindi

छूट प्राप्त विकास

NSW GOVERNMENT | Planning & Environment

छूट प्राप्त विकास क्या है?

क्या आप जानते हैं कि विकास के लिए आवेदन किए बिना ही आप अपने घर, दुकान या व्यवसाय स्थल में कुछ छोटे निर्माण कार्य कर सकते हैं? इसे छूट प्राप्त विकास कहा जाता है। इसका मतलब है कि कम प्रभाव (इम्पैक्ट) वाले काम जिनके लिए काउंसिल द्वारा पूर्ण योग्यता मूल्यांकन किए जाने की आवश्यकता नहीं होती है, अधिक तेज़ी से और कम लागत में किए जा सकते हैं।

विकास के कुछ उदाहरण जो कि छूट प्राप्त विकास हो सकते हैं, वे हैं जैसे कि: डेक, गार्डन शेड, कारपोर्ट्स, बाड़, खिड़की की मरम्मत या घर में पेंट करना। यदि प्रस्तावित कार्य कम प्रभाव (इम्पैक्ट) वाले और विकास के सभी मानकों (स्टेट पॉलिसी में दिए गए हैं) को पूरा करते हैं तो हो सकता है कि उनके लिए योजना बनाने या निर्माण के लिए स्वीकृति लेने की आवश्यकता न हो।

मुझे किन मानकों (standards) का अवश्य ही पालन करना चाहिए?

अधिकांश छूट और नीतियों के आधार पर किए जाने वाले विकास कार्यों के प्रकार और उनके मानकों के बारे में जानकारी 'छूट और आदेशानुसार किए जाने वाले विकास कार्यों' (exempt and complying development) संबंधी स्टेट पॉलिसी में दी गई है। आप पॉलिसी को एन एस डब्ल्यू लेजिस्लेशन वेबसाइट पर देख सकते हैं:

- *राज्य पर्यावरणीय योजना नीति (छूट और आदेशानुसार किए जाने वाले विकास कार्यों संबंधी कोड) 2008*
- *पर्यावरणीय योजना और आकलन नियम 2000*

और अधिक जानकारी के लिए legislation.nsw.gov.au पर देखें

छूट प्राप्त विकास



फ़ार्म बिल्डिंग्स



भू-दृश्य निर्माण (लैन्डस्केपिंग) के लिए संरचनाएँ

एरियल, ऐन्टेना और संचार तश्तरियाँ (communication dishes)

बाड़

बिल्डिंग पहचान के लिए चिह्न



बाल्कनी, डेक, आँगन (पैटिओज़), पर्गोले, छत और बरामदे

ड्राइव-वे और कार खड़ी करने के लिए पक्की जगहें

खाने व पीने के सामान की चलती-फिरती दुकानें

बिल्डिंगों में छोटे बदलाव (अंदर व बाहर)

कारपोर्ट्स

मुझे अब आगे क्या करना है?

एक बार जब आप यह जान लेंगे कि आप क्या निर्माण कार्य करना चाहते हैं तो यह निश्चित करने के लिए कि आपका निर्माण कार्य छूट प्राप्त विकास के अंतर्गत आता है या नहीं, आगे दिए गए आसान चरणों को करें:

1. यह निश्चित करने के लिए कि काम छूट प्राप्त विकास के अंतर्गत आता है या नहीं एनएसडब्ल्यू प्लानिंग पोर्टल पर जाएँ
2. निश्चित करें कि क्या आपका प्रस्तावित कार्य स्टेट पॉलिसी में दिए गए विकास के मानकों (standards) को पूरा करता है
3. यदि आपको और सहायता की आवश्यकता है तो अपनी स्थानीय काउंसिल से संपर्क करें